प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार    दिनांक 27.01.2026

मुख्य समाचारः—

- कल से शुरू होगा संसद का बजट सत्र।
- केन्द्र सरकार लाएगी नया कीटनाशक और बीज अधिनियम—केंद्रीय कृषि मंत्री ने रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी जानकारी।
- राष्ट्रपति का सात फरवरी को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित—बस्तर पंडुम के शुभारंभ कार्यक्रम में होंगी शामिल।
- मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना जताई।

संसद—बजट सत्र

संसद का बजट सत्र कल अट्ठाईस जनवरी से शुरू होगा, जो दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में सर्वदलीय बैठक हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र के पहले भाग में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। बाद में दोनों सदनों में बजट पर चर्चा होगी। श्री रिजिजू ने सभी दलों से सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने का अनुरोध किया।

भारत पर्व

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली के लालकिले में राष्ट्रीय संस्कृति और पर्यटन महोत्सव भारत पर्व का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री

बिरला ने कहा कि छह दिवसीय इस महोत्सव के माध्यम से लोगों को विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों की संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। श्री बिरला ने कहा कि यह पहल देश की पर्यटन क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से लोगों को देश की परंपराओं, लोक कलाओं, शिल्प कलाओं, व्यंजनों और पर्यटन स्थलों की गहरी समझ प्राप्त होगी, जिससे राष्ट्र की विरासत के साथ लोगों का जुड़ाव मजबूत होगा। इस आयोजन में चौंतीस राज्य पर्यटन मण्डप, चौबीस केंद्रीय मंत्रालयों के स्टॉल और देशभर के प्रमुख संस्थान और संगठन भाग ले रहे हैं।

<u>शिवराज सिंह–छत्तीसगढ़</u>

एकदिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खराब कीटनाशकों की मिल रही शिकायतों के बीच केन्द्र सरकार नया कीटनाशक और बीज अधिनियम लाने की तैयारी में है। रायपुर विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौहान ने यह जानकारी दी।

श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम के तहत सरकार ने एक सौ पच्चीस दिन की रोजगार गारंटी दी है। यह अधिनियम गरीबी मुक्त और स्वावलंबी गांव बनाने का संकल्प पूरा कर रही है।

<u>केंद्रीय कृषि मंत्री–चंद्रगिरी तीर्थ</u>

केन्द्रीय कृषि और कृषक कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान चन्द्रगिरि तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़ के विद्यासागरोदय समाधि स्थल में संत शिरोमणि आचार्य श्री एक सौ आठ विद्यासागर जी महामुनिराज के द्वितीय समाधि स्मृति महामहोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने समाधि स्थल

पर पहुंचकर पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम से दो सौ दस डाक लिफाफे और भारत सरकार द्वारा जारी चांदी के सिक्के का विमोचन किया। उन्होंने आचार्य विद्यासागर संग्रहालय का शिलान्यास और भूमिपूजन किया तथा पौधरोपण किया।

राष्ट्रपति प्रवास–मुख्य सचिव बैठक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगामी सात फरवरी को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। श्रीमती मुर्मू जगदलपुर में आयोजित बस्तर पंडुम के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर मुख्य सचिव विकासशील ने आज मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सुरक्षा, चिकित्सा, आवागमन सहित सभी व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बस्तर कलेक्टर से भी राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली।

बस्तर पंडुम–जिला स्तरीय प्रतियोगिता

बस्तर की जनजातीय कला और संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से इन दिनों ''बस्तर पंडुम'' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल अट्ठाईस जनवरी से कोंडागांव में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन कल जनजातीय नृत्य, गीत, वाद्ययंत्र, वेशभूषा और जनजातीय वन औषधि का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, उनतीस जनवरी को जनजातीय नाट्य, चित्रकला, पेय पदार्थ, जनजातीय व्यंजन, शिल्पकला और बस्तर आंचलिक साहित्य प्रदर्शित की जाएगी। बस्तर पंडुम के तहत विकासखंड स्तर पर चयनित पांच सौ छत्तीस प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

वहीं, जगदलपुर के सिटी मैदान में भी कल बस्तर पंडुम के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

सुधीर शर्मा–विशिष्ट सेवा पदक

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के पाटन निवासी सुधीर कुमार शर्मा को देश के प्रतिष्ठित सैन्य अलंकरणों में से एक अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। श्री शर्मा भारतीय सेना में मेजर जनरल के पद पर पदस्थ हैं। वर्तमान में वे इंडो–रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक हैं। सुधीर शर्मा को यह सम्मान राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा उत्पादन और अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इससे पहले, श्री शर्मा को दो बार सेना मेडल और एक बार विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

राज्यपाल–ब्रेल पुस्तक विमोचन

राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में दो ब्रेल पुस्तक और ऑडियो बुक्स का विमोचन किया। ब्रेल पुस्तक छत्तीसगढ़ के वीर और दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानियों पर आधारित हैं। वहीं, ऑडियो बुक्स में तीन हजार से अधिक कंटेंट को संकलित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने इस कार्य में योगदान देने वाले राज्य के विभिन्न जिलों के शिक्षकों को सम्मानित किया।

नेता प्रतिपक्ष–राज्यपाल पत्र

नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी की तिथि को आगे बढ़ाने राज्यपाल रमेन डेका को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में सक्ती जिले में टोकन जारी करने के बाद भी किसानों से धान नहीं खरीदे जाने पर कार्रवाई की मांग की है।

विवेकानंद सिन्हा–नक्सल समस्या

छत्तीसगढ़ शासन में नक्सल ऑपरेशन शाखा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने कहा है कि पिछले दो वर्षों के दौरान सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों से बस्तर संभाग के सभी जिलों सहित राज्य के अन्य जिले काफी हद तक नक्सली समस्या से मुक्त हो गए हैं। उन्होंने शेष बचे नक्सलियों से अपील की है कि वे हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि नक्सलियों के पुनर्वास के लिए बहुत अच्छी नीति लागू की गई है, जिसमें आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आजीविका के साधन मुहैया कराने का प्रावधान है।

बैंक कर्मचारी–हड़ताल

सप्ताह में पांच दिन काम की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले छत्तीसगढ़ सहित देशभर के बैंक कर्मचारी आज हड़ताल पर रहें। हड़ताल की वजह से स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक समेत बारह सरकारी बैंकों की सेवाएं प्रभावित हुई, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बैंक कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर रायपुर के मोतीबाग चौक के पास प्रदर्शन किया।

रोजगार मेला

रायपुर के सेजबहार में स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में उनतीस जनवरी से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की पैंतालीस से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी। इस मेले के माध्यम से पंद्रह हजार से अधिक रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की

जाएगी। रोजगार विभाग के अनुसार प्रदेश में यह पहली बार है जब अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर प्रवेश पत्र दिया जाएगा।

## उल्लास नवसाक्षर मेला

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कल गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के सभी गावों और नगरीय निकायों में उल्लास नवसाक्षर मेले का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य नवसाक्षरों को भाषाई कौशल, अंक ज्ञान और महत्वपूर्ण जीवन कौशलों को सीखने का अवसर प्रदान करना था। साथ ही गांवों में असाक्षरों का सर्वे कर उन्हें उल्लास साक्षरता केंद्रों से जोड़ते हुए स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाना है।

## मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा और बिलासपुर संभाग के एक–दो जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम में आए इस बदलाव की वजह से सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास स्थित है, जिससे प्रदेश के मौसम में बदलाव आ सकता है।

<><><><><><><>